

# प्रसूता की मौत के मामले में सीएमएचओ ने की कार्यवाही

## दो डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी, नर्स का तबादला करने के साथ रोकी आधी वेतन, सफाईकर्मी को हटाया



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** चंदेरी अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती गई महिला की मौत के मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अलका त्रिवेदी द्वारा कार्यवाही की गई,जिसमें जहां चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तो वहीं लापरवाही बरतने वाली नर्स का कार्य क्षेत्र बदलते हुए माह का आधा वेतन रोका गया। इसके अलावा सफाई कर्मी को पद से हटाया गया है।

दरअसल बुधवार को सिविल अस्पताल चन्देरी में बामोरी निवासी रीना पत्नि पवन कटारिया उम्र 22 वर्ष को प्रसव पीड़ा के बाद भर्ती कराया गया था, जहां से उसे उच्च उपचार के लिए जिलाअस्पताल रैफर कर दिया था जहां रास्ते में ही महिला ने दमतोड़ दिया था। इस मामले की जानकारी लगने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी द्वारा जिला स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर प्रसव कार्य में लापरवाही बरतने पर सिविल अस्पताल चन्देरी में पदस्थ डॉ. पंकज गुप्ता स्त्रीरोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सक डॉ. संतोष नरवरिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही घटना के समय डयूटीरत संविदा नर्सिंग ऑफिसर कल्पना शर्मा के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये जिला अस्पताल अशोकनगर में कार्य करने हेतु निर्देशित करते हुये मासिक मानदेय का 50 प्रतिशत भुगतान रोके जाने संबंधी कार्यवाही की गई। इसके अलावा बतीबाई सफाईकर्मी आऊटसोर्स सिविल अस्पताल चन्देरी को तत्काल प्रभाव से सफाईकर्मी के पद से पृथक किया गया।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्ट्रेट के व्यास बाबू निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कार्यालय कलेक्टर के सहायक ग्रेड़-3 पूर्णिमानन्द व्यास को सौंपी गई शाखा (एससी-02) में काफी विसंगतियां तथा कार्यों में घोर लापरवाही पायें जाने निलंबित किया गया है।**

उल्लेखनीय है कि संयुक्त कलेक्टर द्वारा जिला कलेक्ट्रेट की एससी-02 शाखा का औचक टेबिल निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पूर्णिमानन्द व्यास, सहायक ग्रेड़-3 कार्यालय कलेक्टर को सौंपी गई शाखा (एससी-02) में काफी विसंगतियां तथा कार्यों में घोर लापरवाही पाये जाने पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था। कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर समाधान कारक नही पाये जाने तत्काल प्रभाव से निलंवित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग-मुंगावली रहेगा। निलंबन अवधि में श्री व्यास को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

## एक नजर में

### सर्व ब्राहाण समाज का प्रतिभा सम्मान 13 को

**अशोकगनर।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आगामी 13 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें नवीन एवं नवकरणीय उर्जा एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगें। सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि 6 जुलाई को होने वाला प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम की तिथी में बदलाव करते हुए आगामी 13 जुलाई को किया जाएगा। जिसमें प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला उपस्थित होंगे। यह कार्यक्रम परशुराम मंदिर सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा।

### प्राणपुर घाटी पर फिर पलटा ट्रक

**चंदेरी** । नगर के समीपस्थ प्राणपुर घाटी पर सप्ताह में तीसरी दुर्घटना सामने आई है। जहां एक ट्रक शाढ़ौरा से भसुए से बने गिट्टे लेकर कानपुर जा रहा था, लेकिन प्राणपुर घाटी के नीचे टर्न पर अनियंत्रित होकर पलट गया। यह एक सप्ताह में तीसरी होने वाली दुर्घटना हैं। वहीं घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार दिलीप दरोगा और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई, जहां ट्रक के क्षतिग्रस्त होने और कोई जनहानि की सूचना प्राप्त हुई। इसके पहले भी एक ट्रेक्टर ट्राली पलटी थी जिसमें दो सगे भाइयों की मृत्यु हो गई। यह गौर करने वाली बात ये है कि दुर्घटना होने पर अधिकारी-जनप्रतिनिधि संवेदना जताने पहुंच जाते हैं, लेकिन लगातार हादसों के बाद भी यहां पर कार्य नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण लोग असमय ही काल के गाल में समा रहे है।

# जयवर्धन ने बनाई आगामी आंदोलन की रणनीति

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुई एफआईआर के विरोध में किया जाएगा प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुई एफआईआर के विरोध में आगामी 8 जुलाई को कांग्रेस पार्टी द्वारा आंदोलन प्रस्तावित है, जिसकी तैयारियों की लेकर शुक्रवार को राघौगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह जिलामुख्यालय पहुंचे और पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ से चर्चा की। इसके साथी उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी मांग रखी।

दरअसल कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुई एफआईआर के विरोध में कांग्रेस द्वारा 8 जुलाई न्याय सत्यागृह के तहत प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग श्रृंगार सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल होंगे। वहीं आंदोलन की तैयारियों को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा मुस्कान पैलेस में बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए न्याय लड़ाई में एकजुटता के साथ लड़ने की बात कहीं।

**7 तक एफआईआर वापस नहीं, तो 8 को आंदोलन:**

बैठक के बाद कांग्रेस नेता जयवर्धन सिंह ने स्पष्ट कहा कि पीड़ित रघुराज लोधी को न्याय दिलाने के लिए और उन्हें न्याय मिल सके, इसकी बात करना कौन सा गुनहा है, जिसके चलते उन्होंने उनकी वार्तालाप की वीडियों बनाई, लेकिन प्रशासन ने न्याय दिलाने की जगह न्याय की मांग करने वाले हमारे प्रदेशाध्यक्ष पर एफआईआर कर दी, यह गलत है। जिसके चलते आगामी 8 जुलाई का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर दर्ज केस को लेकर पार्टी अपनी बात मजबूती से रखेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लगातार विपक्ष की आवाज को दबा रही है, जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। साथ ही कहा कि कांग्रेस हर शोषित वर्ग की आवाज बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य के तहत यह प्रदर्शन किया जावेगा।

**कलेक्टर-एसपी से की मुलाकात:**

राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओ से बैठक कर और उनसे आगामी आंदोलन को लेकर चर्चा कर की गई। तो वहीं उन्होंने करीब आधे घंटे तक कलेक्टर आदित्य सिंह और पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन से मुलाकात की। इस दौरान श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी मांगे प्रशासन के समक्ष रखी है। जिसमें उन्होंने 7 जुलाई तक एफआईआर वापस लेने की मांग करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाने की बात कहीं।

# बारिश ने उजागर की सड़कों की बदहाली



### दोपहर तक हुई रुक-रुक कर बारिश

### सड़क के गड्डो में गिरे वाहन चालक

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में लगातार हो रहीं बारिश लोगों की परेशानी का सबब बनती जा रहीं है। जिसके कारण जहां किसान अपनी बोवनी करने में पिछड़ते जा रहे है। तो वहीं शहर की सड़के गड्डो में तब्दील होती नजर आ रहीं है। जिसका खामियाजा सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है।



दरअसल जिले में विगत दो दिनों से बारिश का दौर जारी है, जहां गुरूवार की शाम को जमकर बारिश हुई, तो वहीं शुक्रवार सुबह सूर्यदेव के निकलने के साथ ही बारिश शुरू हो गई। इस दौरान जहां सुबह 8 बजे तक रिमझिम बारिश की बौहारे देखने को मिली, तो वहीं उसके बाद करीब आधा घंटे तक झमाझम बारिश हुई। जिससे शहर की सड़के जलमग्न हो गई और सड़कों पर पानी ही पानी नजर आया। इस कारण वाहन चालको को चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तो वहीं कई वाहन चालक इन गड्डो में फसकर गिरते पड़ते नजर आए।



# गांधीनगर आदिवासी बस्ती में बनी जलभराव की समस्या

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर ने गांधीनगर आदिवासी बस्ती का दौरा कर जल भराव तथा कीचड़ की समस्याओं का जायजा लिया और राहत कार्य के निर्देश दिए। लगातार हो रही बारिश के कारण उबर रहे जलभराव और कीचड़ की समस्या से परेशान रहवासियों का आक्रोश बढ़ रहा है। इस समस्या को लेकर शुक्रवार सुबह नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर ने गांधीनगर पहुंचकर स्थाई समाधान की योजना बनाई। मौके पर वार्ड पार्षद वीरेंद्र आदिवासी ने मोहल्ले की हर गली का निरीक्षण कर आसपास में समस्याओं का ब्योरा दिया। रहवासियों ने तत्काल कीचड़ से भरे रास्तों पर चूरी रोरा डालने एवं गली-गली में सीसी रोड के निर्माण की मांग की। नप अध्यक्ष ने इस पर तत्काल कार्रवाई का आदेश देते हुए कहा कि संबंधित टेंडर जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि बरसात के बाद इन मार्गों का स्थाई हल सीसी सड़क के रूप में होगा।

# जिले में अतिवर्षा एवं बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियां रखें पूर्ण : प्रभारी मंत्री



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले में अतिवर्षा एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखी जाए। जिससे बाढ़ संबंधी सूचना पर समय पर राहत एवं बचाव के कार्य किये जा सके। यह निर्देश मध्य प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाढ़ आपदा एवं राहत तथा जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला ने निर्देश दिए कि जिले में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का प्रशासन द्वारा जो चिन्हाकंन किया गया है, उन क्षेत्रों की वर्षा के दौरान विशेष निगरानी में रखा जाए। बाढ़ की स्थिति में इन स्थानों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुचाने, उनके ठहरने के लिए राहत शिविरों की व्यवस्था करने, उन्हें बाढ़ से बचाव संबंधी तैयारियां रखी जाए। उन्होंने नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जाए तथा जल स्तर खतरे के निशान पर पहुचने की संभावना होने पर कन्ट्रोल रूम को सूचित किया जाए। जलाशयों में नियंत्रित रूप से जल निकासी के प्रयास किए जाएं जिससे बाढ़ की स्थिति नहीं निर्मित हो। ऐसे दुर्गम क्षेत्र जहां बाढ़ की स्थिति में नहीं पहुचा जा सकता है वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामगी, पेयजल व्यवस्था, जीवन रक्षक दवाईयां पर्याप्त मात्रा में पहले से ही उपलब्ध करा दी जाएं। ऐसे क्षेत्र जो बाढ़ के पानी से घिर जाते हैं उन क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पेयजल स्त्रोतों का चिन्हांकन तथा आवश्यकता पड़ने पर पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था कर ली जाए। बाढ़ नियंत्रण हेतु जिले में समस्त बाढ़ बचाव सामग्री जैसे मोटर वोट, नावें आदि की सूची तैयार की जाए तथा उनके दूरभाष नंबर एवं पते रखे जाएं। प्रशिक्षत चालकों एवं गोताखोरों की सूची भी तैयार रखी जाए। बाढ़ एवं अतिवृष्टि के समय नगरीय क्षेत्रो में ऐसे बस्तियां जो नदी नालों के किनारे तथा निचले क्षेत्रों में अनाधिकृत रूप से बसी हैं तथा बाढ़ से जल स्तर बढ़ने पर बाढ़ आने की संभावना में ऐसी बस्तियों बसे लोगों को पूर्व से सूचित कर दिया जाए जिससे उन्हें वैकल्पिक स्थानों पर पहुंचाया जा सके। चिन्हित जीर्णशीर्ण मकानों एवं भवनों को गिराये जाने की कार्यवाही की जाए। बाढ़ एवं अतिवृष्टि के समय जलमग्न सड़कों एवं पुलियों से वाहन चालक अपने जोखिम पर पार करने का प्रयास करते हैं इन स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जांए तथा बैरियल स्थापित किए जाएं।

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यो को समय पर पूर्ण कराया जाए। नल जल योजना अंतर्गत डाली जाने वाली पाईप के लिए सड़कों की खुदाई की जाती है,उन सड़कों का मरम्मत कार्य पाईप लाईन डालने के उपरांत संबंधितों द्वारा कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राजघाट समूह जल प्रदाय योजना के कार्यो की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले में अतिवर्षा एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई सभी आवश्यक तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम, जिला स्तरीय नियंत्रण समिति, बाढ उन्मुख क्षेत्रों, नदियां, तालाब एवं बांध, आपातकालीन कार्यवाहियां, चिकित्सा,दल एवं सेवाएं, खण्ड, स्तरीय दलों का गठन, सुरक्षित स्थलों का चिन्हाकंन, आपदा प्रबंधन हेतु उपलब्ध, सामग्री के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी,नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कार्यक्रम

## प्रभारी मंत्री ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश हो रहा अग्रसर

# प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना से जिले के 1285 छात्र-छात्राएं लाभान्वित



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुक्रवार को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम से विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने हेतु सिंगल क्लिक के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों जिनके कक्षा 12 वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त हुए है उनके खातों में 25 हजार रूपये की राशि का अंतरण किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 1285 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को 25000 रूपये की राशि का अंतरण किया गया। प्रभारी मंत्री द्वारा इस दौरान प्रतीकात्माक रूप से 10 छात्र-छात्राओं को लेपटॉप हेतु 25 हजार रूपये की राशि का चेक प्रदान किये गये। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ रहा है। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को अपने उज्बल भविष्य के लिये सरकार हरसंभव मदद कर रही है। मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन के रूप में लेपटॉप खरीदने हेतु 25 हजार रूपये की राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थी लगातार नई ऊचाईयों को छूएं यही हमारी शुभकामनाएं है। जिले के सभी स्कूलों के शिक्षक एवं विद्यार्थी और मेहनत कर आगामी सत्र में बेहतर परिणाम लाकर जिले के नाम एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में और मेहनत करके आगे बढे। शासन, प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में युवा पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। युवाओं के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने हेतु संदीपनि विद्यालय संचालित किए गए हैं। इन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों के लिये सरकार संवेदनशील होकर हर स्तर पर सहयोग कर रही है। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को लेपटॉप के लिये राशि दी जा रही है। वहीं कुशभाऊ अंतर्राष्ट्रीय सभागार भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया व सुनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**प्रभारी मंत्री द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बांटे प्रतीकात्मक चेक :**

प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा प्रतिभाशाली 10 छात्र-छात्राओं ध्रुव नामदेव, उमंग नामदेव, विशेष प्रजापति, कनिष्क प्रजापति शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर, निकिता यादव, अमूल्य शर्मा, अंशिका जैन शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेरी, नंदनी रघुवंशी ब्राइट मॉडल स्कूल अशोकनगर तथा दिलीप केवट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कदवाया को 25-25 हजार रूपये की राशि का प्रतिकात्मक चेक प्रदाय किया गया।

# मोहर्रम के लिए सजने लगे ताजिये, तैयारियां जोरों पर

**नवभारत न्यूज**

**शाढौरा।** नगर में मोहर्रम के लिये व इमाम हुसैन की याद में निकाले जाने बाले ताजिये सजाये जाने लगे है। मुस्लिम इलाकों में ताजियों को बनाने की तैयारियां जोरों पर चल रही है। एक से बढ कर एक कलात्मक ताजीए बनाए जा रहे है। ताजिया बनाने के लिये कागज, लेई, बांस, पन्नी, चमकीली पन्नी, पन्नी चिपकाने वाला दूध, कुमकुम, सितारे, चांद, सद्दी व अन्य सामान की जरूरत पड़ती है। अनबर खान ने बताया कि ताजिया बनाने के काम में पूरे परिवार के लोगों को जुटना पड़ता है। इसके अलावा ताजिया बनाने वाले कारीगरों को भी लगाना पड़ता है। अनबर खान, इमरान बेग, इमरान खान, अरमान खान , लकी खान, डुग्गू खान, आर्यन खान, मुन्ना मिस्त्री, लकी खान, अरमान खान, दिलशाद, जमीर व फरीद ने बताया कि आगामी 5 जुलाई को रात में कत्ल की रात मनाते हुए यह ताजिये निकाले जायेंगे। इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुये फातिया पढ़ी जायेगी । 6 जुलाई को दिन नगर में सभी मुस्लिम इलाकों के ताजिये एक साथ जुलूस की शक्ल में निकाले जायेंगे। इसके बाद दूसरे दिन सुबह उन्हें करबला ले जाकर ठंडा किया जायेगा।



### मप्र जन अभियान परिषद द्वारा मनाया गया स्वच्छता पर्व

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शुक्रवार को परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता पर्व कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष में किया गया। जिसका शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन एवं प्रेरणा गीत गायन कर किया गया। इस मौके पर समाजसेवी जयमंडल यादव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोकनगर अभिषेक यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र सिंह यादव, पार्षद धर्मेंद्र रघुवंशी एवं जिला समन्वयक हार्टफूलनेस महेंद्र रघुवंशी, सेवा भारती महेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पौधा भेंटकर किया गया। अतिथियों के मंचासीन होने पर जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान द्वारा परिषद के अध्यक्ष मुख्यमंत्री एवं वित्त् मंत्री के संदेश का वाचन किया गया एवं सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। जिला समन्वयक द्वारा परिषद की संरचना कार्य प्रणाली योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में सभी को अवगत कराया गया।